दिन– शनिवार दिनांक– 22 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. उन्नत बिहार विकसित बिहार की थीम के साथ बिहार आज अपना एक सौ तेरहवां स्थापना दिवस मना रहा है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं दीं।
02. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में कहा – बेगूसराय स्थित मक्का अनुसंधान केन्द्र का स्थानांतरण नहीं किया जायेगा।
03. अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी चुनमुन झा मारा गया। एसटीएफ के पांच पुलिस अधिकारी और कर्मी भी घायल।
04. और, पटना में आयोजित सेपक टाकरा विश्व कप में भारतीय पुरुष और महिला टीम ने क्वाड स्पर्धा के कांस्य पदक जीते।

---

बिहार आज अपना एक सौ तेरहवां स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ बारह में बंगाल से अलग कर बिहार को राज्य का दर्जा मिला था। इस वर्ष बिहार दिवस की थीम–उन्नत बिहार विकसित बिहार है।

–––बाईट–––

अपनी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक विरासत के कारण बिहार की पहचान एक ऐसे राज्य के रूप में रही है, जिसने हमेशा से देश को नई राह दिखाई। बिहार का इतिहास कमोबेश मानव सभ्यता का इतिहास माना जाता है, जिसने पूरी दुनिया को लोकतंत्र की अवधारणा से परिचित कराया है।

–––बाईट–––

---

बीमारू राज्य की अवधारणा वाले बिहार ने पिछले डेढ़ दशक में विकास के कई ऐसे प्रतिमान गढे हैं जो पूरे देश के लिए उदाहरण बनकर सामने आया है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

बिहार ने हाल के दिनों में कई क्षेत्रों में तेज गति से तरक्की की है। आर्थिक क्षेत्र के साथ–साथ पर्यटन, कला, कृषि और ग्रामीण विकास के मामले में देश के कई राज्यों से बेहतर है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य और सड़कों का जाल राज्य की पहचान बन चुका है। बाढ से प्रभावित रहने वाले बिहार ने गंगा उदवह जल परियोजना के तहत सूखा ग्रस्त इलाकों में जल पहुंचा कर इंजीनियरिंग की एक मिसाल कायम की है। सोन नदी और दुर्गावती जलाशय उदवह परियोजना के रुप में इस मॉडल को अन्य क्षेत्र में भी अपनाया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बिहार ने नौकरियों और पंचायती राज संस्थाओं में आरक्षण के माध्यम से जो काम किये हैं एक दशक बाद उसके डेमोग्रफिक बदलाव दिखने लगे हैं। विशेष उल्लेख

के रुप में जीविका दीदियों की हर क्षेत्र में दमदार उपस्थिति को नकारा नहीं जा सकता है। बिहार में विभिन्न क्षेत्र में सामाजिक बदलाव पर शोध करने वाले भैरव लाल दास कहते हैं विकसित बिहार के लिए हमें सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में हमारी व्यापक क्षमताओं का फिर से मूल्यांकन करने की जरुरत है।

–––बाइट भैरव लाल दास–––

बिहार में सकारात्मक बदलावों की बात करें तो सभी का व्यापक योगदान रहा है लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में किये गये सुधारों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार पटना

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने उम्मीद जतायी है कि बिहार पहले से भी अधिक गौरव के साथ नये भारत के विकास और प्रगति में अपनी भूमिका निभायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशा व्यक्त की है कि बिहार प्रगति और समृद्धि के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

---

बिहार दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिला मुख्यालयों में इस अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के गांधी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय मुख्य समारोह का आज उद्घाटन करेंगे। समारोह के दौरान जाने–माने गायक अभिजीत, सलमान अली, रितिका राज और प्रतिभा सिंह बघेल समेत कई कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रमों का आयोजन गांधी मैदान के साथ–साथ श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल और रवीन्द्र भवन में किया जायेगा। बिहार दिवस पर गांधी मैदान में कई भव्य पैवेलियन बनाये गये हैं, जहां बिहार की सभ्यता–संस्कृति, परंपरा, कला, परिधान, खान–पान और विकास की गाथा को दर्शाया गया है। साथ ही नेशनल बुक ट्रस्ट, एनबीटी की ओर से इस अवसर पर पटना पुस्तक महोत्सव का आयोजन किया गया है। एनबीटी के निदेशक युवराज मलिक ने बताया कि पुस्तक महोत्सव में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विशेष साहित्यक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बिहार दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सूचना और जनसंपर्क विभाग के यूट्यूब, फेसबुक और एक्स हैंडल पर किया जायेगा। जिला मुख्यालयों में भी इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

---

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेगूसराय स्थित मक्का अनुसंधान केन्द्र का स्थानांतरण नहीं किया जायेगा। लोकसभा में श्री चौहान ने कहा कि इस विषय को लेकर विपक्ष भ्रम फैला रहा है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के शिवमोगा में अलग से मक्का अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की जायेगी।

———बाईट———

---

अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र के थलहा नहर के पास देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी चुनमुन झा मारा गया है। मुठभेड़ के दौरान उसे तीन गोली लगी थी, जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर अपराधियों की गिरफ्तारी करने पहुंची पुलिस टीम पर अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। चुनमुन झा के अलावा एक अन्य अपराधी को भी गोली लगी है, लेकिन वह भागने में सफल रहा। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ में एसटीएफ के पांच पुलिस अधिकारी और कर्मी भी घायल हुये हैं।

———बाईट———

---

पटना के बाढ़ स्थित सुपर थर्मल पावर प्लांट की अंतिम इकाई से उत्पादन शुरू हो गया है। छह सौ साठ मेगावाट की इस यूनिट के सिंक्रोनाइज होने पर उत्पादित बिजली को ग्रिड में भेजा गया। छब्बीस मार्च से इस यूनिट को लगातार बहत्तर घंटे चलाया जायेगा। ट्रायल सफल होने के बाद इस यूनिट से बिजली का व्यावसायिक उत्पादन शुरू होगा। एक महीने के भीतर बिहार को इस यूनिट से चार सौ एक मेगावाट बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। बाढ़ बिजली घर की कुल उत्पादन क्षमता तीन हजार तीन सौ मेगावाट है।

---

सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि राज्य के किसानों को जल्द ही शून्य ब्याज दर पर किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ मिलेगा। डॉक्टर कुमार पटना में आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के तहत चयनित पैक्सों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही इस मामले में फैसला लेने जा रही है।

---

पटना में आयोजित सेपक टाकरा विश्व कप में भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने कल क्वाड स्पर्धा के कांस्य पदक जीत लिये। सेमीफाइनल में पुरुष टीम को वियतनाम से एक–दो से हार का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक थाईलैंड ने और रजत पदक वियतनाम ने जीता। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में भारत ने सिंगापुर को दो–एक से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग के सेमीफाइनल में भारत को थाईलैंड से शून्य–दो से हार का सामना करना पड़ा।

प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक वियतनाम ने और रजत पदक थाईलैंड ने जीता। टूर्नामेंट में आज डबल्स मैच शुरू होंगे।

---

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट का अठारहवां संस्करण आज से शुरू हो रहा है। कोलकाता में आज आरंभिक मैच में मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच शाम सात बजकर तीस मिनट पर शुरू होगा। टूर्नामेंट में दस टीम चौहत्तर मैच खेलेंगी। प्रतियोगिता का फाइनल पच्चीस मई को होगा।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में आज सुबह से बारिश हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अररिया, सुपौल, सहरसा, किशनगंज, मधेपुरा और पूर्णियां समेत आस–पास के हिस्सों में बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत कटिहार, बांका, भागलपुर, मुंगेर और जमुई समेत आस–पास के इलाकों में बादल छाये रहेंगे और हल्की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

---

आरा में पिछले दिनों एक एक आभूषण शोरूम से हुई लूट के मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की भूमिका लाईनर और आश्रयदाता की थी।

---

गया जिले के लटुआ थाना के नागोबार जंगल से सीआरपीएफ ने सर्च अभियान चलाकर आठ आईईडी और एक अत्यंत शक्तिशाली विस्फोटक बम बरामद किया है। इन सभी विस्फोटकों को निष्क्रिय कर दिया गया है।

---

पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र से पूर्णियां पुलिस ने स्थानीय पुलिस की सहायता से दो परीक्षा माफिया को गिरफ्तार किया है। ये दोनों नालंदा जिले के रहने वाले हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने विधानमंडल के दोनों सदनों में कल हुये हंगामे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– विपक्ष ने सीएम पर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाया। विधानमंडल के दोनों सदनों में नहीं चली कार्यवाही।

दैनिक जागरण ने लिखा है– राष्ट्रगान के अपमान के मुद्दे पर तिरंगे के साथ विपक्ष के नेताओं का प्रदर्शन।

प्रभात खबर की सुर्खी है– बठिंडा में बिहार के छात्रों से मारपीट, दो दर्जन घायल।

दैनिक भास्कर लिखता है–लोको पायलट परीक्षा में धांधली बीस–बीस लाख रूपये में पास करने की हुई थी डील।

राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने बिहार दिवस से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. उन्नत बिहार विकसित बिहार की थीम के साथ बिहार आज अपना एक सौ तेरहवां स्थापना दिवस मना रहा है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं दीं।

02. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में कहा – बेगूसराय स्थित मक्का अनुसंधान केन्द्र का स्थानांतरण नहीं किया जायेगा।

03. अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी चुनमुन झा मारा गया। एसटीएफ के पांच पुलिस अधिकारी और कर्मी भी घायल।

04. और, पटना में आयोजित सेपक टाकरा विश्व कप में भारतीय पुरुष और महिला टीम ने क्वाड स्पर्धा के कांस्य पदक जीते।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।